बरेली, शुक्रवार
21 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

PAGE NO IV : BOTTOM

# आइके कलेक्शन ने गज ग्रीन को हराया

- एक तरफा मुकाबले में आइके कलेक्शन ने गज ग्रीन को आठ विकेट से हराया
- गुरुवार को बार-बार हो रही बारिश के कारण 17-17 ओवर के खेले गए दोनों मुकाबले

**जासं, बरेली :** एसआरएमएस में खेले जा रहे टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन हुए पहले मैच में आइके कलेक्शन ने गज ग्रीन को आठ विकेट से हराया। दूसरे मैच में हरदोई ने कांटे के मुकाबले में एक रन से ओसिस क्रिकेट क्लब बहेड़ी को हराया। बार-बार वर्षा होने के चलते दोनों मैच 17-17 ओवर के खेले गए। पहले मैच में सिर्फ दो ओवर में पांच विकेट लेने वाले हरदोई के गेंदबाज विशाल राज और दूसरे मैच में तीन विकेट लेने वाले आइके कलेक्शन के गेंदबाज पर्व सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया। एक लाख रुपये के इनामी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल पहली मार्च को होना।

ओएसिस क्रिकेट एकेडमी ने टास जीत कर हरदोई स्ट्राइकर्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले ही ओवर में राहुल कुमार ने शेखर राणा को शून्य पर क्लीन बोल्ड कर टीम को पहली सफलता दिलाई। हालांकि, हरदोई स्ट्राइकर्स ने सात विकेट खोकर 145 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें प्रवीण ने 17 रन, अरमान ने 45, संगम सिंह ने 20, विशाल ने 16 और तन्मय ने 16 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओएसिस क्रिकेट एकेडमी ने चार विकेट पर 14 ओवर में 142 रन बनाए, लेकिन चार रन पर छह विकेट गिराकर हरदोई स्ट्राइकर्स ने ओएसिस के हाथ से मैच खींच लिया। दो ओवर में 17 रन देकर पांच विकेट लेने वाले विशाल राज को मैन आफ द मैच चुना गया।

छठे मैच ग्रुप ए में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गज ग्रीन बरेली ने आठ विकेट के नुकसान पर 119 रन बनाए। इसमें लक्ष्य शर्मा ने 27 रन, तरुण सिंह ने 11, अर्पित गुप्ता ने 15,6 अक्षत नामदेव ने 13 और सार्थक शर्मा ने 33 रन बनाया।

जवाब में आइके कलेक्शन ने तेजी से खेलना शुरू किया और 11.1 ओवर में 121 रन बना आठ विकेट से जीत दर्ज की। हिटर ने 35 रन और आर्यन ने 63 ने रन बनाया। गज ग्रीन के तीन खिलाड़ियों को आउट करने वाले आइके कलेक्शन के गेंदबाज पर्व सिंह को मैन आफ द मैच घोषित किया गया।



विकेट गिरने पर खुशी मनाते खिलाड़ी • सौ. आयोजक

## टूर्नामेंट में आज

सातवां मैच सुबह नौ बजे से हाईटेक हास्पिटल वाराणसी बनाम स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली ( ग्रुप बी) और आठवां मैच दोपहर 12.30 बजे से ठेकेदार इलेवन बरेली बनाम राजश्री क्लब बरेली ( ग्रुप बी ) के बीच खेला जाएगा ।